राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल श्री मिश्र ने बढ़ती सर्दी को देखते हुए जरूरतमंदों को कम्बल बांटे

जयपुर, 5 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शीत लहर और बढ़ी हुई सर्दी को देखते हुए बेसहारा एवं जरूरतमंद लोगों को राहत देने के लिए राजभवन में गुरुवार को उन्हें कम्बल वितरित किए। उन्होंने कहा कि सर्दी के प्रकोप को देखते हुए आगे भी निर्धन एवं वंचित लोगों को चिन्हित कर राजभवन की ओर से जरूरी सहायता प्रदान की जाती रहेगी।

राज्यपाल श्री मिश्र ने आमजन से अपील की है जरूरतमंद लोगों के साथ जीव–जंतुओं के प्रति भी दयाभाव रखते हुए सर्दी से बचाव के लिए उनकी यथा संभव सहायता करें।

———————